## दिनांक29—31अगस्त, 2017 तक जनपद देवरिया की भ्रमण आख्या

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या—एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम. एण्ड ई./2017—18/18/4778—2 दिनॉक 16.08.2017 के क्रम में दिनांक 29.08.2017 से 31.08.2017 को राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के एक दल द्वारा जनपद देवरिया का भ्रमण किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया गया। टीम के सदस्यों का विवरण निम्नवत् है—

1. डा0 ए.के.पाण्डे, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम।
2. श्री तपन साहनी, परामर्शदाता, नर्सिंग।
3. श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी, कार्यक्रम समन्वयक, आई.ई.सी.।

उपरोक्त टीम द्वारा जिला महिला एवं पुरुष चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरीबाजार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतालपुर एवं टीकाकरण सत्र जिला महिला चिकित्सालय का भ्रमण किया गया एवं मुख्यचिकित्साधिकारी महोदय के कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। उक्त चिकित्सा इकाईयों की पूरित चेकलिस्ट इस आख्या के साथ संलग्न है।

**जिला महिला चिकित्सालय, देवरिया**

- चिकित्सालय के वार्ड में आई.ई.सी. नगण्य थी जिस हेतु निर्देशित किया गया कि पूरे परिसर में यथास्थान समुचित आई.ई.सी. करवाना सुनिश्चित करें।
- चिकित्सालय में बी.एम.डब्लू. के पोस्टर यहां—वहां लगे है, परन्तु बिन के स्थान की दीवार पर नहीं लगाया गया है।
- बी.एम.डब्लू. एजेंसी द्वारा मानक अनुरूप बकेट एवं बिन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।
- लेबर रूम में बी.एम.डब्लू बिन सेल्फ के नीचे रखी है, जोकि पहुँच के बाहर है।
- लेबर रूम के 2 बी.एम.डब्लू बकेट में सेग्रीगेशन न करते हुये सभी प्रकार का कूडा डाला जा रहा है।
- लेबर रूम की खिडकियां खुली हुई थी जिसके द्वारा अत्यधिक संक्रमण का खतरा है।
- ऑक्सिटोसिन गाइड लाइन के अनुसार नहीं रखी जा रही है।
- सिस्टर इंचार्ज द्वारा उपकरण जैसे डिजिटल थर्मामीटर, डिजिटल बी0पी0 उपकरण, सक्सन मशीन, एम्बू बैग इत्यादि लेबर रूम में उपलब्ध न कराकर अपने कक्ष में बंद करके रखे हुये थे ,जबकि लेबर रूम की पारे वाली बी.पी. मशीन उपयोग में लाई जा रही है।
- के.एम.सी. वार्ड में 8 बेड एवं 2 चेयर उपलब्ध है, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।
- प्रशिक्षित ए.एफ.एच.एस. काउन्सलर को अपने कार्य की जानकारी नहीं है एवं अस्पताल में आयरन की नीली गोली भी उपलब्ध नहीं है। ।
- बेड शीट उपलब्ध होने के बावजूद बदली नहीं जा रही है।
- लेबर रूम में तापमान मापक डिजिटल घड़ी उपलब्ध नहीं है।
- केस—शीट ठीक से व जे.एस.एस.के. डाइट रजिस्टर निर्धारित प्रारूप पर नहीं भरा जा रहा है एवं डाइट में वितरित की जा रही दाल की गुणवत्ता खराब थी।
- नवजात को शीघ्र स्तनपान एवं 6 माह तक सिर्फ स्तनपान हेतु परामर्श नहीं दिया जा रहा है।
- अस्पताल में आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियों की अनुपलब्धता पाई गयी।

उक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महोदया को सुधार किये/कराये जाने हेतु सलाह दी गयी तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**टीकाकरण सत्र जिला महिला चिकित्सालय, देवरिया**

सत्र के अनुश्रवण के दौरान निम्न बिन्दु पाये गये—

- सत्र स्थल पर हबकटर क्रियाशील नही है।
- ए.एन.एम. द्वारा टीकाकरण के पश्चात् लाभार्थियों को चार महत्वूपर्ण संदेश दिये जा रहे थे।

- सत्र स्थल पर आई.पी.वी. वैक्सीन उपलब्ध नहीं थी। जिला मुख्यालय से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि आई.पी.वी. वैक्सीन समाप्त हो चुकी है।
- सत्र स्थल पर आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियों की अनुपलब्धता पाई गयी।
- अद्यतन नियमित टीकाकरण सारणी सत्र स्थल पर प्रदर्शित नही है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में ए.एन.एम. महोदया को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**<u>जिलापुरूष चिकित्सालय, देवरिया</u>**

- जिला पुरूष चिकित्सालय के पी.आई.सी.यू. में बी.एम.डब्लू. एजेंसी द्वारा मात्र एक बकेट उपलब्ध कराया गया है, जिसके कारण स्टाफ नर्स द्वारा सेग्रीगेशन नहीं किया जा रहा है।
- पी.आई.सी.यू. की दीवार पर बी.एम.डब्लू पोस्टर एवं एस.ओ.पी. को प्रदशित नहीं किया गया है।
- स्वीपर द्वारा बिना ग्लब्स उपयोग के बी.एम.डब्लू बकेट ले जाया जा रहा था।
- पी.आई.सी.यू. के बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी कार्य किया जा रहा है, जिससे वार्ड में संक्रमण फैलने का खतरा है। बाल रोग विशेषज्ञ को वार्ड में रोगी देखने के स्थान पर इमेरजेंसी ओपीडी में देखने हेतु निर्देशित किया गया।
- स्टाफ नर्स द्वारा केस–शीट ठीक के नहीं भरी जा रही है।
- पी.आई.सी.यू. वार्ड में ए0सी0 क्रियाशील नहीं है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतालपुर(ब्लॉक–बैतालपुर)</u>**

- मेन रोड से चिकित्सा ईकाई हेतु कोई साइन बोर्ड अथवा साइनेज नहीं लगा हुआ है।
- वार्ड में आई.ई.सी. नगण्य थी जिस हेतु निर्देशित किया गया कि पूरे परिसर में यथास्थान समुचित आई.ई. सी. करवाना सुनिश्चित करें।
- चिकित्सालय में आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियों की अनुपलब्धता पाई गयी।
- चिकित्सा ईकाई के भण्डार कक्ष एवं लेबर रूम में मीजोप्रोस्टॉल, अल्फामिथाईलडोपा, विटामिन के, सीरप सेल्बुटमॉल नहीं है एवं ऑक्सिटोसिन गाइड लाइन के अनुसार नहीं रखी जा रही है।
- आरकेएस रजिस्टर अवलोकन हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया है।
- बीएमडब्लू एजेंसी द्वारा बकेट एवं बिन निर्धारित मानकानुरूप उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।
- चिकित्सा ईकाई परिसर में बीएमडब्लू सीरिंज एवं ड्रिप सेट ईधर उधर फैली पाई गई।
- ईटीसी वार्ड उपयोग में नहीं लाया जा रहा है तथा वार्ड की दीवार पर एसओपी भी नहीं लगा है।
- केस सीट एवं जेएसएसके डाइट रजिस्टर स्टाफ नर्स द्वारा ठीक से नहीं भरा जा रहा है।
- उपचारिकाओं द्वारा नवजात को शीघ्र स्तनपान एवं 6 माह तक सिर्फ स्तनपान हेतु काउन्सिलिंग नहीं की जा रही है।
- भर्ती के समय प्रसूताओं की टीपीआर एवं प्रसव के समय केस सीट में पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा है।
- चिकित्सा ईकाई में बीएमडब्लू हेतु नोडल नामित नहीं किया गया है तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी नहीं कराया गया है।
- चिकित्सा ईकाई में शार्प निडिल पिट का निर्माण नही कराया गया है।
- चिकित्सा ईकाई में बीएमडब्लू बिन की दीवार के ऊपर पोस्टर नहीं लगा है।
- अद्यतन नियमित टीकाकरण सारणी चिकित्सा ईकाई में प्रदर्शित नही है।
- चिकित्सा ईकाई में शिकायत पेटिका लगी हुई है, परन्तु निस्तारण तंत्र का आभाव है।
- चिकित्सा ईकाई में ब्लीचिंग साल्यूशन एवं साबुन नहीं पाया गया है।
- लेबर रूम में एम्बूबैग गन्दा है व हवा भरकर कैलिसपैड उपयोग में नहीं लाये जा रहे है।
- लेबर रूम में मानक अनुरूप ट्रे उपलब्ध नही पायी गयी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरीबाजार (ब्लॉक–गौरीबाजार)**

- मेन रोड से चिकित्सा ईकाई हेतु कोई साइन बोर्ड अथवा साइनेज नहीं लगा हुआ है।
- वार्ड में आई.ई.सी. नगण्य थी जिस हेतु निर्देशित किया गया कि पूरे परिसर में यथास्थान समुचित आई.ई. सी. करवाना सुनिश्चित करें।
- चिकित्सालय में परिवार नियोजन के साधन के रूप में केवल कापर टी उपलब्ध है एवं आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियों की अनुपलब्धता पाई गयी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरीबाजार में NBCC मानक के अनुरूप नहीं पाया गया जिसे सही प्रकार से बनाये जाने हेतु चिकित्सक एवं उपचारिका को समझाया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेबर रूम के बेसिन में एल्बो टैप नहीं लगा था जिसे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।
- स्टाक बुक के सापेक्ष स्टोर में दवायें अधिक पाई गई एवं भण्डार कक्ष में दवायें एवं अन्य सामान बिखरा हुआ पड़ा है।
- चिकित्सा ईकाई के भण्डार कक्ष एवं लेबर रूम में आक्सीटोसिन, मीजोप्रोस्टॉल, अल्फामिथाईलडोपा, विटामिन के, सीरप साल्बुटमॉल नहीं है।
- आशा पेमेंट बाउचर के अनुसार आशाओं का भुगतान नहीं किया जा रहा है।
- चिकित्सा ईकाई में शार्प निडिल पिट का निर्माण नही कराया गया है।
- आरकेएस रजिस्टर अवलोकन हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया है।
- 102 एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2001 में फ्लेशर एवं सायरन क्रियाशील नहीं पाया गया एवं पेसेंट सीट कवर भी फटा हुआ है।
- चिकित्सा ईकाई में बीएमडब्लू हेतु नोडल अधिकारी नामित नहीं किया गया है तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी नहीं कराया गया है। परिसर में बीएमडब्लू सीरिंज एवं ड्रिप सेट ईधर उधर फैली पाई गई।
- बीएमडब्लू एजेंसी द्वारा बकेट एवं बिन निर्धारित मानकानुरूप उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।
- चिकित्सा ईकाई में बीएमडब्लू बिन की दीवार के ऊपर पोस्टर नहीं लगा है।
- ईटीसी वार्ड उपयोग में नहीं लाया जा रहा है तथा वार्ड की दीवार पर एसओपी भी नहीं लगा है।
- केस सीट एवं जेएसएसके डाइट रजिस्टर स्टाफ नर्स द्वारा ठीक से नहीं भरा जा रहा है।
- भर्ती के समय प्रसूताओं की टीपीआर एवं प्रसव के समय केस सीट में पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा है।
- अद्यतन नियमित टीकाकरण सारणी चिकित्सा ईकाई में प्रदर्शित नही है।
- चिकित्सा ईकाई में 16 बेड क्रियाशील हैं, 48 आईपीडी के अतिरिक्त 408 प्रसव में से 312 को 48 घंटे अस्पताल में रहना दर्शाया गया है।
- चिकित्सा ईकाई में शिकायत पेटिका लगी हुई है, परन्तु निस्तारण तंत्र का अभाव है।
- चिकित्सा ईकाई में ब्लीचिंग साल्यूशन एवं साबुन नहीं पाया गया है।
- लेबर रूम में एम्बूबैग,सक्शन मशीन गन्दे मिले व कैलिसपैड हवा भरकर उपयोग में नहीं लाये जा रहे है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

(वेद प्रकाश त्रिपाठी)
(कार्यक्रम समन्वयक–आई.ई.सी.)

(श्री तपन साहनी)
(परामर्शदाता, नर्सिग)

(डा0 ए.के.पाण्डे )
(महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम)